# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-06.02.2025**

**विषय:- थाना मण्डुवाडीह क्षेत्रान्तर्गत हुयी पुलिस मुठभेड़ में पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने के मामले में वांछित शातिर अभियुक्त अजीत सिंह उर्फ कौआ थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 01 अदद अवैध देशी तंमचा 0.315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 0.315 बोर बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के कुशल नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0038/2025 धारा 109 बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित फरार/वांछित शातिर अभियुक्त अजीत सिंह उर्फ कौआ पुत्र श्रीनाथ सिंह निवासी ग्राम सिकन्दरपुर थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर को दिनांक-05.02.2025 को समय करीब 22.15 बजे प्लेटफार्म नम्बर-08 पर पीपल के पेड़ के नीचे बने चबूतरे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 01 अदद नाजायज देशी तमन्चा 0.315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर बरामद हुआ। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अभियुक्त से पूछताछ का विवरण-** अभियुक्त अजीत सिंह उर्फ कौआ ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं और मेरा चचेरा भाई प्रेम नारायन सिंह उर्फ बाबू उर्फ बउवा जो मेरे ही गांव में रहता है। हम दोनों मिलकर लूट छिनैती की घटना कर अपना खर्च चलाते है और उन्हीं लूट छिनैती के पैसों से ही हम लोग अपना शौक पूरा करते हैं। दिनांक-04.02.2025 की रात में मैं और प्रेम नरायण सिंह उर्फ बाबू एक ही बाईक पर बैठ कर लूट करने के इरादे से बनारस आए हुए थे और बी0एल0डब्लू0 के आस-पास लूट करने की फिराक में घूम रहे थे और डफ्फलपुर पहाड़ी मार्ग से पहाड़ी तिराहे की तरफ जा रहे थे कि हमें पहाड़ी तिराहे पर पुलिस वाले चेकिंग करते हुए दिखायी दिए, उन लोगों ने टार्च की लाईट से इशारा कर हमलोगों को रोकने का प्रयास किया। हमारे पास हथियार भी थे इसलिए हमलोग पकड़े जाने के डर से घबरा गये और बाईक को घुमाकर भागने लगे लेकिन पुलिस हमलोगों का पीछा करने लगी। भागते समय हमलोग लड़खड़ाते हुए बाईक सहित खाली मैदान में गिर गये और अपने बचाव के लिये मैंने और प्रेम नरायण सिंह ने अपने पास रखे असलहे से पुलिस पार्टी को निशाना बनाकर जान से मारने की नियत से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। जबाब में पुलिस वालों ने भी हमलोगों को चेतावनी देते हुए जबाबी फायर किया और जवाबी फायर में मेरे चचेरे भाई प्रेम नारायण सिंह को गोली लग गयी जिससे वह जमीन पर गिर गया, उसको गिरता देख मैं मौके से भाग गया था। पुलिस की सक्रियता काफी बढ़ गयी थी इसलिए मैं लुकता-छिपता रहा। आज मौका देखकर मैं मंडुवाडीह रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ कर यहाँ से बाहर भागने की फिराक में था कि आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया। जो कट्टा मेरे पास मिला है वह वही कट्टा है जिससे मैंने उस दिन पुलिस वालों पर फायर किया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अजीत सिंह उर्फ कौआ पुत्र श्रीनाथ सिंह निवासी ग्राम सिकन्दरपुर थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर, उम्र 30 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

घटना मे प्रयुक्त 01 अदद नाजायज देशी तमन्चा 0.315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर बरामद।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

प्लेटफार्म नम्बर-08 पर पीपल के पेड़ के नीचे बने चबूतरे के पास से, दिनांक-05.02.2025 को समय करीब 22.15 बजे।

**आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 0038/25 धारा 109 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
2.मु0अ0सं0 0057/15 धारा 356 भा0द0वि0 थाना कोतवाली गाजीपुर।
3.मु0अ0सं0 0144/19 धारा 380,411,419,420,457 भा0द0वि0 थाना कोतवाली गाजीपुर।
4.मु0अ0सं0 0447/18 धारा 392 भा0द0वि0 थाना कोतवाली गाजीपुर।
5.मु0अ0सं0 0451/18 धारा 379,411,419,420,467,468 भा0द0वि0 थाना कोतवाली गाजीपुर।
6.मु0अ0सं0 0876/17 धारा 393 भा0द0वि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली गाजीपुर।
7.मु0अ0सं0 1380/16 धारा 41,411,412,413 भा0द0वि0 थाना कोतवाली गाजीपुर।
8.मु0अ0सं0 1381/16 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना कोतवाली गाजीपुर।
9.मु0अ0सं0 1383/16 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली गाजीपुर।
10.मु0अ0सं0 0073/18 धारा 380,411,457 भा0द0वि0 थाना कोतवाली गाजीपुर।
11.मु0अ0सं0 0138/18 धारा 380,411,413,414,457 भा0द0वि0 थाना कोतवाली गाजीपुर।
12.मु0अ0सं0 0148/14 धारा 411 भा0द0वि0 व 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना कोतवाली गाजीपुर।
13.मु0अ0सं0 1871/15 धारा 392 भा0द0वि0 थाना कोतवाली गाजीपुर।
14.मु0अ0सं0 2131/15 धारा 380,457 भा0द0वि0 थाना कोतवाली गाजीपुर।
15.मु0अ0सं0 0201/18 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली गाजीपुर।
16.मु0अ0सं0 0281/19 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली गाजीपुर।
17.मु0अ0सं0 0452/18 धारा 392,411,413,414 भा0द0वि0 थाना कोतवाली गाजीपुर।
18.मु0अ0सं0 0837/16 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली गाजीपुर।
19.मु0अ0सं0 0131/19 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना मुगलसराय चंदौली।
20.मु0अ0सं0 0456/16 धारा 379,411 भा0द0वि0 थाना धूमनगंज प्रयागराज।
21.मु0अ0सं0 0452/18 धारा 392,411,413,414 भा0द0वि0 थाना कोतवाली गाजीपुर।
22.मु0अ0सं0 0600/16 धारा 307,399,401,41,411 भा0द0वि0 थाना कोतवाली गाजीपुर।
23.मु0अ0सं0 0589/16 धारा 379,411 भा0द0वि0 थाना कोतवाली गाजीपुर।
24.मु0अ0सं0 0601/16 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली गाजीपुर।
25.मु0अ0सं0 0837/16 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली गाजीपुर।
26.मु0अ0सं0 0130/19 धारा 307,419,420,467,468,471 भा0द0वि0 थाना मुगलसराय चंदौली।
27.मु0अ0सं0 0775/17 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

28.मु0अ0सं0 0623/17 धारा 392,411 भा0द0वि0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।
29.मु0अ0सं0 0631/17 धारा 307 भा0द0वि0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।
30.मु0अ0सं0 0632/17 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।
31.मु0अ0सं0 0634/17 धारा 41,411,414,419,420,467,468,471 भा0द0वि0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।
32.मु0अ0सं0 0775/17 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1.प्र0नि0 भरत उपाध्याय थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
2.उ0नि0 राहुल सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
3.उ0नि0 चन्द्रकान्त थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
4.हे0का0 सियाराम थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
5.का0 दीपक कुमार थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**